# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली

क्रमांक : लेखा/2020–21/265 दिनांक: 26/8/2020

## निविदा सूचना

इस महाविद्यालय के पुस्तकालय ऑटोमाइजेशन हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर से दरें आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | संख्या | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | Digitisation of Library | 65000 Books | 4.00 लाख |

इस महाविद्यालय से कार्यालय समय में दिनांक 08.09.2020 को 11:00 बजे तक निविदा फॉर्म शुल्क 200/– नकद जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के साथ अमानत राशि 8000/– रू. का डी.डी. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली के पक्ष में देय हो लगाना आवश्यक है। निविदाऐं दिनांक 08.09.2020 को दोपहर 2:00 बजे तक जमा की जावेंगी। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन 3:00 बजे महाविद्यालय कय समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये निविदा अंशतः या पूर्णतः निरस्त/संशोधित करने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य शर्तें कायालय व SPPP पोर्टल या कॉलेज वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

प्राचार्य

क्रमांक : लेखा/2020–21/266-69 दिनांक: 26/8/2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. सम्पादक दैनिक भास्कर, करौली को भेजकर लेख है कि उक्त निविदा डीपीआर दरों पर न्यूनतम स्पेस में हिण्डौन–करौली भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का श्रम करें।
2. लेखा शाखा/वेब प्रभारी निविदा सूचना, राजस्थान लोक उपापन पोर्टल एवं कॉलेज वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. कय समिति राजकीय महाविद्यालय/पुस्तकालाध्यक्ष
4. सार्वजनिक सूचना पट्ट नगर परिषद/पंचायत समिति/महाविद्यालय उपखण्ड कार्यालय, करौली।
5. रक्षित पत्रावली।

(डॉ. ज्ञानेश्वर मीना)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय करौली

CS Scanned with CamScanner

**कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली. राज.)**
Email : pgcollegekarauli@gmail.com Phone – 07464-250023

निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या 265 दिनांक 26.08.2020

# निविदा की शर्तें

**टिप्पणी :–** निविदादाताओं को इन शर्तों को सावधानीपूर्वक पढना चाहिए तथा अपनी निविदाऐं भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिये। निविदादाताओं को अपने निविदा प्रस्ताव निविदा सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप में मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करके प्रेषित करने चाहिऐं।

1. निविदादाता को निविदा शर्तों में बताये अनुसार तकनीकी प्रस्ताव एवं उससे सम्बन्धित समस्त दस्तावेज लिफाफा नं. A में सीलबन्द करने हैं तथा लिफाफे पर ''सामग्री/कार्य का नाम व तकनीकी प्रस्ताव'' अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है। वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा नं B में सीलबन्द करने हैं तथा लिफाफे पर ''सामग्री/कार्य का नाम वित्तीय प्रस्ताव'' अंकित करना है तथा फर्म का स्पष्ट पता लिखना है। फिर दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द करके प्रस्तुत करना होगा। जिस पर स्पष्ट रूप से ''सामग्री/कार्य का नाम व निविदा प्रस्ताव'' लिखा होना चाहिये तथा एजेन्सी का स्पष्ट पता लिखा होना चाहिये।
2. निविदादाता इस पर विशेष ध्यान देवे कि लिफाफा सील बन्द हो जिससे सम्बन्धित निविदा प्रस्तुत की जा रही है उसका नाम पुस्तकालय ऑटोमेशन कार्य सील बन्द लिफाफे के ऊपर लिखा हो साथ ही तिथि एवं समय का भी उल्लेख करें।
3. तकनीकी प्रस्ताव वाले लिफाफे नं. A में निविदा सूचना सम्बन्धी समस्त शर्तें निविदादाता के हस्ताक्षर मय फर्म की मोहर के संलग्न करने हैं, साथ ही तकनीकी प्रस्ताव में निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न करने हैं–
    1. निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 200/– रसीद/डीडी।
    2. अमानत राशि का डीडी।
    3. आयकर विभाग द्वारा जारी पेनकार्ड की प्रति।
    4. घोषणा पत्र 11 (एस.आर. 11)।
    5. एक व्यक्तिगत पहचान पत्र (आई.डी.) की प्रमाणित प्रति।
    6. फर्म का पंजीयन प्रमाण–पत्र।
    7. फर्म का जी.एस.टी. आयकर चुकता प्रमाण–पत्र 31 मार्च 2019 तक का हो।
    8. फर्म का पूर्व में ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ–पत्र।
    9. लाईब्रेरी सोफ्टेवयर एवं पुस्तकालय ऑटोमेशन का 10 महाविद्यालयों में कार्य करने का अनुभव। (कार्य आदेश की प्रति)।
4. लिफाफा नं. B में केवल वित्तीय प्रस्ताव ही सीलबन्द करना है।
5. बोली प्रस्ताव के साथ अमानत राशि रू. 2 प्रतिशत राशि 8000/– की डी.डी. ''प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली'' के नाम देय संलग्न करना होगा, अन्यथा बोली पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. निविदा को खोलते समय सर्वप्रथम तकनीकी प्रस्ताव ही खोले जायेंगे और तकनीकी प्रस्ताव योग्य पाये जाने पर ही एजेन्सी के वित्तीय प्रस्ताव खोले जा सकेंगे, जिसके लिए किसी प्रकार का तर्क मान्य नहीं होगा। तकनीकी कमी–पूर्ति

करने का मौका देने का सर्वाधिकार क्रय समिति के विवेकाधीन रहेगा एवं क्रय समिति द्वारा निर्धारित समय में पूर्ति न होने पर निविदा निरस्त समझी जायेगी।

7. सशर्त एवं साधारण डाक/ईमेल इत्यादि से प्रेषित बोलियां/निविदा स्वीकार नहीं किये जाएेंगे।
8. निविदा प्रस्ताव को सूचना में दिये गए निर्देशों के अनुसार उचित रूप में मुहरबन्द लिफाफे में बन्द करनी चाहिये।
9. सामग्री के लिए निर्माता/अधिकृत वितरक/डीलर ही बिड प्रस्तुत करें। विनिर्माता/डीलर आदि को घोषणा पत्र एस.आर. प्रारूप 11 में संलग्न किया जाना आवश्यक है।
10. **जी.एस.टी. पंजीयन एवं कर चुकता प्रमाण पत्र :–** कोई भी डीलर जहां उसका व्यवसाय स्थित है, यदि राज्य में प्रचलित कर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं है तो वह निविदा नहीं देगा। कर पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिये एवं दिनांक 31.03.2019 तक जी.एस.टी. चुकता प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, उसके अभाव में निविदा को स्वीकर नही किया जायेगा।
11. आयकर विभाग द्वारा जारी पेन नम्बर की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक है। उसके अभाव में निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
12. निविदा प्रारूप स्याही से भरा जायेगा या अंकित किया जायेगा। पेंसिल से भरी गई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. निविदा में दरें स्पष्ट अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखी जायेंगी। इसमें कोई त्रुटियां (Error) एवं उपरिलेखन नहीं होना चाहिये। यदि कोई शुद्धियां करनी हों तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहियें एवं दिनांक सहित उन पर हस्ताक्षर किये जाने चाहियें। अंकों एवं शब्दों में अन्तर होने पर शब्दों में प्रस्तावित राशि को सही माना जायेगा।
14. एफ.ओ.आर., राजकीय महाविद्यालय, करौली होगा तथा स्थानीय कर, चुंगीकर इत्यादि का भुगतान फर्म को ही करना होगा। प्रत्येक उपकरण की दर एक यूनिक की समस्त टेक्स/अन्य चार्जेज जोड़ते हुए अंकित करेंगे।
15. मूल्य अधिमान– मूल्य अधिमान/अधिमान, राजस्थान के उद्योगों द्वारा उत्पदित या विनिर्मित मालों को राजस्थान के बाहर के उद्योगों द्वारा उत्पादित या विनिर्मित मालों पर भण्डार क्रय (राजस्थान के उद्योगों को अधिमान) नियम 1995 के अनुसार दिया जाएगा।
16. अनुमोदित प्रदायकर्ता (सप्लायर) के लिए यह समझा जायेगा कि उसने प्रदाय किये जाने वाले माल की शर्तों, स्पेसिफिकेश, साइज, मेक इत्यादि की सावधानीपूर्वक जाँच करली है। यदि उसे इन शर्तों के किसी भाग, स्पेसीफिकेशन आदि के आशय के बारे में कोई सन्देह हो, तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, उसे प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली से स्पष्टीकरण प्राप्त कर लेना चाहिये।
17. प्रदायकर्ता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य फर्म को नहीं सौंपेगा या उसे उपभोड़े (सबलेट) पर नहीं देगा।
18. **परिनिर्धारित क्षति (Liquidated damages) रू.–**
    - बिड प्रपत्र में सुपुर्दगी के लिए विनिर्दिष्ट समय को संविदा सार रूप में समझा जाएगा तथ सफल निविदादाता क्रेता अधिकारी से कार्यादेश जारी होने की तिथि से उक्त अवधि के भीतर सप्लाई करेगा।
    - परिनिर्धारित क्षति नियमानुसार क्रय समिति द्वारा निर्धारित रहेगी।
    - यदि प्रदायकर्ता (सप्लायर) किन्हीं बाधाओं के कारण संविदान्तर्गत माल की सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वृद्धि करना चाहता है, तो वह लिखित में प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली को आवेदन करेगा। जिसने प्रदायगी हेतु आदेश दिया है। किन्तु वह उसके लिए निवेदन बाधा घटित होने पर तुरन्त उसी समय करेगा न कि सप्लाई पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद करेगा।

- यदि माल की सप्लाई करने में उत्पन्न हुई बाधा निविदादाता के नियंत्रण से परे कारणों से हुई तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि परिनिर्धारित क्षतति से सहित या रहित की जा सकेगी।

19. उक्त कार्य/सामग्री का क्रय अनुमानित है। अनुबंध अवधि के दौरान क्रय सामग्री की कुल क्रय अनुमानित कीमत से कम/अधिक हो सकती है। जो क्रय राज. लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के उपनियम 73 के अनुसरण में होगी। क्रय समिति द्वारा सामग्री संख्या बढाई/घटाई जा सकती है।

**20. अमानत/बयाना राशि (Eastern Money)**

(क) निविदा प्रस्ताव के साथ नियमानुसार निविदा सूचना में वर्णित राशि ((2 प्रतिशत) बयाना राशि प्रस्तुत की जाएगी। इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जाऐगा।

(ख) **बयाना राशि के प्रतिदाय :–** असफल निविदादाता की बयाना राशि निविदा को अंतिम रूप से स्वीकार करने के बाद यथासम्भव शीघ्र डी.डी. लौटाया जायेगा।

(ग) **बयाना राशि से आंशिक छूट :–** उन फर्मों को जो कि निदेशक, उद्योग विभाग राजस्थान के पास पंजीकृत हैं, उन मदों के सम्बन्ध में जिनके लिए वे उक्त रूप में रजिस्टर्ड की गई हैं, उनके द्वारा मूल पंजीयन प्रमाण पत्र या उसकी फोटोस्टेट प्रति या किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत अनुप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर निविदाऐं आमंत्रित करने की सूचना में दिखाई गई निविदा के अनुमानित मूल्य के नियमानुसार छूट की दर पर बयाना राशि जमा करानी होगी।

(घ) केन्द्र सरकार व राजस्थान सरकार के उपक्रमों को कोई बयाना राशि प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

(ड) अनुमोदन की प्रतीक्षा करने वाली या रद्द की गई निविदाओं के सम्बन्ध में या संविदाओं के पूर्ण हो जाने के कारण विभाग/कार्यालय के पास जमा बयाना राशि/प्रतिभूति राशि निक्षेप को नई निविदाओं को लिए बयाना राशि/प्रतिभूति राशि के प्रति समायोजित नहीं किया जाऐगा।

21. **बयाना राशि का सम्पहरण :–** बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में ससमपहृत (जब्त) की लिया जायेगा–

(i) जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है या उसमें रूपान्तरण करता हे।

(ii) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर चिन्हित किसी करार को यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता है।

(iii) जब निविदादाता प्रदायगी के आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।

(iv) जब वह निहित समय के भीतर प्रदाय आदेश के अनुसार मदों का प्रदाय आरम्भ करने में असफल रहता है।

**22. भूगतान की प्रकिया :–**

1. महाविद्यालय द्वारा कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।
2. समग्री आपूर्ति निविदा शर्तों के अनुरूप क्रय/प्रदायगी आदेश अनुसार करने पर सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जायेगा।
3. समस्त प्रकार के प्रेषण प्रभार निविदादाता द्वारा ही वहन किये जाऐंगे।
4. विवादास्पद मदों के सम्बन्ध में राशि का 10 से 25 प्रतिशत तक भुगतान रोक लिया जाएगा।

23. **सशर्त निविदा मान्य नहीं :–** यदि निविदादाता ऐसी शर्त आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो उसकी बिड को संक्षिप्त कार्यवाही कर रद्द कर दिया जाएगा। किसी भी सूरत में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नहीं समझाा जाएगा जब तक कि महाविद्यालय द्वारा जारी किये गए बिड स्वीकृति पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो।

24. महाविद्यालय किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार करे बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन वस्तुओं के लिए निविदादाता ने निविदा दी है उन सब के लिए या किसी

एक या अधिक के लिए निविदा को स्वीकार करने या एम फर्म/सप्लायर से अधिक को स्टोर की मदों को वितरित करने के अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

25. निविदा करार निष्पादित करते समय निविदादाता यदि भागीदार फर्म हो तो भागीदारी विलेख (पार्टनरशिप डीड) की अनुप्रमाणित प्रति, पंजीयन संख्या एवं उसका वर्ष एक मात्र स्वामित्व मामले में आवास एवं कार्यालय का पता व टेलीफोन नम्बर तथा कम्पनी के मामले में रजिस्ट्रार द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की अनुप्रमाणित प्रति संलग्न करेगा।
26. सामान्यतः कार्य आदेश किसी भी एक फर्म को दिया जायेगा, किन्तु परिस्थिति अनुसार इस कार्य को एक से अधिक फर्मों को आवंटित किया जा सकता है।
27. निर्धारित निविदा प्रपत्र के अलावा अन्य प्रपत्र में दी गई निविदा मान्य नहीं होगी।
28. निर्धारित समय पश्चात् (Delayed) प्राप्त होने वाली निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाऐगा। निविदा बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में नियत दिनांक व समय पर पहुँच जानी चाहिये। इसके बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार करना सम्भव नहीं होगा। ई–मेल आदि द्वारा निविदाऐं स्वीकार नहीं की जाऐंगी। डांक द्वारा देरी से प्राप्त निविदा के लिए किसी भी प्रकार का तर्क, आक्षेप स्वीकार नहीं किया जाऐगा। अतः व्यक्तिशः जमा कराने की सलाह दी जाती है।
29. मूल निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने तथा निविदा खोलने की दिनांक व समय में वृद्धि करने का पूर्ण अधिकार महाविद्यालय की क्रय समिति का पास सुरक्षित है।
30. प्रदाय हेतु संविदा को यदि माल की सप्लाई महाविद्यालय की सन्तुष्टि अनुसार नहीं की जाती है तो निविदादाता को सुनवाई का एक अवसर देने के बाद महाविद्यालय किसी भी समय निराकृत (Repudiate) कर सकता है। वह इस प्रकार निराकृत करने के कारणों को अभिलिखत करेगा।
31. उपर्युक्त शर्तों के अलावा जहां आवश्यक हो राज्य सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के समस्त प्रावधान/शर्तें लागू होंगी।
32. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र करौली न्यायालय होगा।
33. ऑटोमेशन का कार्य महाविद्यालय की लाइब्रेरी में ही करना होगा।
34. सभी किताबों की डाटा एन्ट्री तीन भाषाओं में करनी होगी। (Hindi/English/Unicode)
35. सभी किताबों पर बारकोड स्टीकर लगाने होंगे।
36. Library Software पहले से कम से कम 10 राजकीय महाविद्यालयों में लगा होने का फर्म का अनुभव होना चाहिये लेकिन 10 कॉलेजों में पुस्तकालय ऑटोमेशन कार्य का अनुभव वाली फर्म की निविदा प्राप्त नहीं होने पर कम कॉलेजों में कार्य अनुभव वाली फर्म की निविदा पर विचार करने हेतु समिति निर्णय ले सकेगी। बुक पब्लिशिंग के कार्य का अनुभव भी होना चाहिये।
37. Library Software का डेटा केवल हमारे ही कम्प्यूटर में Store/Save होना चाहिये। Software एक से अधिक कम्प्यूटरों पर एक साथ कार्य करना चाहिये।
38. Software स्वयं की कम्पनी द्वारा बनाया हुआ ही हो, जिससे भविष्य में कोई भी Modification करवा सकें। नई रिपोर्ट जुड़वा सकें या हमारे हिसाब से बदलवा सकें।
39. किसी भी विवाद व निर्वाचन का अधिकार गठित समक्ष कमेटी को होगा।
40. उक्त कार्य डेढ माह के अन्दर करना होगा। महाविद्यालय के कर्मचारी को Software का प्रशिक्षण देना होगा।

**41. Specification Of Library Management Software**

1. Require User Friendly Desktop Application Software Only.
2. Book Entry / Book Issue/ Book Return / Lost Memo Entry / Rejection Entry / Periodical Entry/ Visitor Register Entry.
3. Software Work in Multi Language: (English/ Hindi/ Urdu etc. and Unicode Also.)
4. Software Should Auto Convert (Book Details) English to Hindi/ Urdu/ Unicode etc.
5. We Can Export Data in XLS / Word / PDF Format etc.
6. Searching: Any Field / Any Location of Book. Show Full Details of Book with Rack No/ Subject/ Author / Publisher/ Price / Currency/ Bill Details / Source
7. Bar Code Integration. Working With Barcode Scanner.
8. No Dues Letter Generation/Library Card Printing. SMS Integrated
9. Data backup/ Visitor Register/ Book Enquiry with All Fields.
10. Report: Rack-Subject- Currency Wise / Book Bank / RUSA / YDC / Sc St Girls/Gifted/ Write Off/Remedial / Category Wise etc.
11. Accession Register Entry Linked with Software Data Entry in PDF Format.
12. User Login with Password + Student Login.
13. Software should be C# Language With Crystal Report + MSSQL Integrated.
14. Database Should Be Store In Our Local Computer Only.

***Note: Final Selection of Software Will After Discussion /Viewing of Software.***

**नोट :–** उपर्युक्त शर्तें औसत परिस्थितियों के आधार पर आंकलित की गई हैं। विभागीय क्रय समिति/विभाग स्थानीय परिस्थितियों/विभाग की आवश्यकताओं के आधार पर अन्य शर्तें जो उचित समझे सम्मिलित कर सकते हैं। संशोधित निविदा तथा निविदा की शर्तों का निविदा जारी करने से पूर्व आवश्यक रूप से विभागीय क्रय समिति से अनुमोदन लिया जाऐगा। सभी निविदाऐं उनके सिवा जो उन पर अभिलिखित कारणों से अस्वीकृत की गई हैं, सारणीबद्ध और सवीक्षीत की जायेंगी और मदवार दरों का तुलनात्मक विवरण तैयार किया जाऐगा।

मैं/हम कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, करौली द्वारा जारी की गई निविदा संख्या .............................. दिनांक ................................ में वर्णित समस्त शर्तों तथा संलग्न पत्रों (जिसके समस्त पृष्ठों पर हमने उसमें वर्णित शर्तों की स्वीकृति के प्रमाण स्वरूप हस्ताक्षर कर दिये हैं) में दी गई समस्त शर्तों से सहमत होना स्वीकारते हैं। साथ ही इस बात पर भी सहमति देते हैं कि मेरे/हमारे द्वारा निविदा के साथ संलग्न किये गए समस्त दस्तावेजों की प्रमाणितकता की जांच मेरे/हमारे द्वारा अपने स्तर पर कर ली गई है। सभी दस्तावेज विधिक/प्रक्रियात्मक/मौलिक रूप से सही हैं। यदि निविदा प्रक्रिया या निविदा प्रकिया के पश्चात् किसी भी स्तर पर उक्त दस्तावेजों की प्रमाणिकता असिद्ध होती है तो इसके लिए मैं/हम पूर्ण रूपेण उत्तरदायी रहूँगा/रहेंगे एवं इसके लिए विभाग किसी भी स्तर पर किसी भी समय बिना नोटिस दिये हमारी निविदा/अनुबन्ध को निरस्त करने/हमारे विरूद्ध कानून/विधि सम्मत दण्डात्मक कार्यवाही करने के लिए सक्षम होगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील ..........**

**दिनांक** ..................................

**कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली. राज.)**

Email : pgcollegekarauli@gmail.com Phone – 07464-250023

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

## निविदा प्रपत्र (तकनीकी प्रस्ताव)

(कृपया इसे लिफाफा नं. A में बन्द करें)

1. निविदा सूचना संख्या/दिनांक : ........................................................................................................
2. निविदा की अनुमानित लागत : ..............................................................................................................
3. मद जिसके लिए निविदा प्रस्तुत की गई है :– ..........................................................................................
4. निविदादाता फर्म का नाम :– ...............................................................................................................
5. निविदादाता फर्म का पूर्ण पता :– ........................................................................................................
6. किसको सम्बोधित किया गयी :– प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, करौली।
7. सन्दर्भ :– निविदा सूचना संख्या ........................................ दिनांक ........................................
8. निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 200/– रसीद संख्या/डी.डी.सं. ................................ दिनांक ............................... द्वारा जमा करा दी गई है। (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में सलंग्न करे।) (निविदा प्रपत्र शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जायेगा)
9. अमानत राशि रू. ..................................... के पेटे डी.डी. सं. ............................................ दिनांकः ...............................संलग्न है। (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में डी.डी. संलग्न करें)
10. निविदादाता फर्म के पेन (PAN) नम्बर : .................................................................................. (तकनीकी प्रस्ताव के साथ प्रति लिफाफा नं. A संलग्न करें)
11. फर्म का जी.एस.टी./आयकर इत्यादि का चुकता प्रमाण–पत्र 31 मार्च 2019 तक का (तकनीकी प्रस्ताव के साथ प्रति लिफाफा नं. A में संलग्न करें)
12. फर्म को अनुभव के प्रमाण स्वरूप सरकारी कार्यालय से प्राप्त कार्यादेश की प्रति तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में संलग्न करनी होगी।
13. फर्म का पूर्व में ब्लेक लिस्टेड नहीं होने का 50/– के नॉन जुडिशीयल स्टाम्प पर शपथ–पत्र...... (तकनीकी प्रस्ताव के साथ लिफाफा नं. A में संलग्न करें।)
14. लाइब्रेरी सोफ्टवेयर एवं पुस्तकालय ऑटोमेशन का 10 महाविद्यालयों में कार्य करने का अनुभव (कार्य आदेश प्रति)।
15. निविदा सूचना में वर्णित समस्त विवरण एवं शर्तें हमारे द्वारा ध्यानपूर्वक पढ़ ली गई है तथा समस्त शर्तों का पालन करने के लिए हमारी फर्म सहमत है। उक्त शर्तों को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हमने निविदा प्रपत्र के समस्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर मय मोहर कर दिये हैं तथा उनकी पालना करने के लिए सहमत हैं।
16. विनिर्माता/डीलर आदि का घोषणा पत्र भी संलग्न है।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**मय मोहर**
**दिनांक ..............................**

राजस्थान सरकार

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय करौली. राज.)

Email : pgcollegekarauli@gmail.com Phone – 07464-250023

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# वित्तीय निविदा प्रपत्र

(कृपया इसे लिफाफा नं. B में बन्द करें)

निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या ...................... दिनांक ......................

1. कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करौली वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए लोकल फण्ड मद से पुस्तकालय डिजीटेशन कराने हेतु निविदा।
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक का पता एवं दूरभाष संख्या.................................................

.....................................................................................................................................................................

.....................................................................................................................................

3. किसको संबोधित की गई – प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, करौली
4. संदर्भः- निविदा क्रमांक ........................................................................................ दिनांक.....................
5. मूल्य वितरण –

| S. No. | Item Name | Specifiction | Quantitiy | Rate Per Unit (Rs.) | Amount (Rs.) | Amount in Words |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Disitisation of Library | *Software e granthalay or e library or equivalent standard software, installation & development OPAC and AMC inclusive<br>*Basic data entry in library software from accession register<br>*data entry directly from books in library software<br>*Data migration to software<br>*Assigning call numbers barcoding to library items generating<br>*printing & pasting call numbers bar coding lebel on the books<br>*Arrangements of books of shelves as per call numbers<br>*student staff data entry in software<br>*Training to library staff and technical support<br>*Library management software consisting<br>***one bar code reader standard company** | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | [1] Quick book issue & receipt<br>[2] Stock verification report<br>[3] Library card both vertical and horizontal<br>[4]Connectivity with college librarian<br>[5]Backup & restore data<br>[6]Automatic books quantity tracking<br>Books, accession register and one PC will be provided in the college premises without internet facility and all other requirements to be arranged by the supplier work completion time 45 days from the date of order<br>Proposed rate fill according to item wise- | | | | |
| | | 1. Barcoding of books | 65000 Books | | | |
| | | 2. Data entry of books in Software | | | | |
| | | 3. Automation Software | | | | |

नोटः—

1. कार्य से पूर्व क्रय समिति/अधिकृत जांचकर्त्ता द्वारा गुणवत्ता जांच की जायेगी। स्पेसीफिकेशन के अनुसार सही पाये जाने पर ही आपूर्ति स्वीकार की जायेगी।
2. किसी भी स्थिति में अधिकतम खुदरा मूल्य (एम आर पी) से अधिक की निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। एफ.ओ. आर. राजकीय महाविद्यालय करौली होगा तथा स्थानीय कर, चुंगीकर GST इत्यादि का भुगतान फर्म को ही करना होगा। प्रत्येक उपकरण की दर एक यूनिट की समस्त टेक्स/अन्य चार्जेंज जोड़ते हुए अंकित करेगें।
3. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न शर्तों को भलीभांति पढ़ लिया है एवं स्वीकार्य रूप में शर्तों एवं एस आर-11 पर हस्ताक्षर कर दिये हैं।
4. यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कॉलेज कार्यक्रम या अन्य कोई अपरीहार्य स्थिति के अत्पन्न होने पर निविदा उसी समय अगले दिन खोली जा सकती है। जिसकी सूचना कार्यालय नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय वेब पोर्टल दे दी जायेगी।

**Signature and Address**
**Of Bidder With Seal**

# निविदादाता का घोषणा पत्र

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने जिस सामग्री/सेवा के लिये बोली (निविदा) दी है एवं उनका/उनके मैं/हम बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/सोल वितरक/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रय/वितरण एजेन्ट हूँ/है।

यदि यह घोषणा असत्य पाये जावें तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो कि जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी बोली प्रतिभुति को पूर्ण रूप से जब्त किया जा सकेंगा तथा बोली/निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

**बोलीदाता/निविदादाता**
**के हस्ताक्षर**